Tirupati Balaji Group / Established 2009 / Ghaziabad
R.N.I No. UPBIL/2009/28691, DAVP Code: 101473

Page 8 / Price Rs. 2.00 / Ghaziabad, Sunday, 26 May 2019
Postal Registration No. UP/GBZ-80/2016-18

TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Vol./Year-10 Issue - 51

Hindi / English (Bi-Lingual) Weekly Ghaziabad
केन्द्र एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

आने वाले समय में देश में सभी तरह की एलोपैथिक दवाओं की कीमतें मूल्य नियंत्रण के दायरे में आ सकती हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि दवाओं पर 30 प्रतिशत से ज्यादा का मुनाफा नहीं वसूला जाएगा।

Inside Ghaziabad

पेज नंबर 2
आइएमटी की 10,841 भूमि का आवंटन निरस्त, टूटेगा हॉस्टल

पेज नंबर 5
Ghaziabad boy battles storms, scales Mt Everest

TIRUPATIEYE

नोएडा यूनियन बैंक घोटाले में हुई गवाही

गाजियाबाद : नोएडा के यूनियन बैंक लोन घोटाले में सीबीआइ कोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार को सुनवाई के दौरान बैंक के रिटायर्ड मुख्य महाप्रबंधक आरबी बागड़ी की गवाही हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख लगा दी। बता दें कि नोएडा में यूनियन बैंक की शाखा से दिल्ली की पृथ्वीराज जूलर्स कंपनी के प्रोपराइटर राजकुमार सामंता ने बैंक मैनेजर मनोज श्रीवास्तव से फर्जी कागजों के आधार पर वर्ष 2008 में 40 लाख रुपए का लोन स्वीकृत कराया था।

अक्टूबर तक बांटे जाएंगे कृत्रिम उपकरण

गाजियाबाद : दिव्यांग सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत चल रहे कृत्रिम व सहायक उपकरण वितरण का काम अक्टूबर तक खत्म करना है। इस वित्तीय वर्ष में जितना लक्ष्य मिलता है, उसे हर हाल में पूरा करना होगा। अपर मुख्य सचिव महेश चंद्र गुप्ता की ओर से जारी किए गए निर्देशों में कहा गया है कि दिव्यांगों को बांटे जाने वाले कृत्रिम व सहायक उपकरणों के वित्तीय वर्ष 2019–20 के लक्ष्य को अक्टूबर 19 तक पूरा करना है।

गोशालाओं की प्रगति रिपोर्ट मांगी

गाजियाबाद : जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से जिले में बन रही गोशालाओं की प्रगति रिपोर्ट मांगी है। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. विजेंद्र त्यागी ने बताया कि जिले में पांच गोशालाएं निर्माणाधीन हैं। जिनके निर्माण का कार्य जुलाई माह तक पूरा हो जाएगा। वहीं मुरादनगर में बन रही वृद्ध गोशाला केंद्र भी लगभग तैयार है।

रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने निशुल्क बांटी 500 नेपकिन

नोएडा के अनाथालयों, झुग्गी झोपड़ी व स्कूलों में निशुल्क की गई वितरित

नोएडा : महावारी स्वच्छता दिवस पर मंगलवार को रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर ने नोएडा के कई अनाथालयों, झुग्गी–झोपड़ी व स्कूलों में निशुल्क 500 सेनेटरी नेपकिन का वितरण किया। रोटरी क्लब ऑफ इंदिरापुरम गैलोर के चार्टर प्रेजीडेंट डा.धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि झुग्गी–झोपड़ी में रहने वाली महिलाएं व लड़कियां महावारी के दौरान कपड़े का इस्तेमाल करती है जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। जिसे धोकर और छुपाकर सुखाने के चक्कर में खुली हवा व धूप तक नहीं लगने देती हैं, साथ ही बार–बार इसी का इस्तेमाल करती रहती हैं, जो कि गंभीर इंफेक्शन को न्योता देता है। वहीं क्लब की पूर्व अध्यक्ष मनीषा भार्गव ने झुग्गी झोपड़ी व अनाथालयों में रहने वाली महिलाओं व युवतियों को महावारी के दौरान सेनेटरी नेपकिन का इस्तेमाल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अधिक बहाव में बार–बार नेपकिन बदलने के झंझट से बचने के लिए कई महिलाएं एक ही बार में 2 नेपकिन लगा लेती हैं। यह तरीका बिल्कुल गलत है। एक नेपकिन की जितनी सोखने की क्षमता है वह उतना ही सोखेगा और 2 नेपकिन एक साथ लगाने से बैक्टीरिया अधिक पनपेंगे और ये सिर्फ दुर्गंध को न्योता देंगे। साथ ही आपको असुविधा भी होगी।

घर का सपना होगा पूरा, पीएम आवास प्रोजेक्ट को मिलेगी रफ्तार

गाजियाबाद : आम चुनाव में प्रचंड बहुमत मिलने के बाद भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री के एजेंडा में शामिल 2022 तक सबको घर देने के वायदे को पूरा करने में जुटेगी। अकेले गाजियाबाद में जीडीए को 2022 तक 36 हजार पीएम आवास के निर्माण का टारगेट दिया गया है। इनमें पहले चरण में प्राधिकरण ने 18 हजार पीएम आवास में से 11887 पीएम आवास की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) को स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं बाकी प्रोजेक्ट की शासन व केंद्र में लटकी डीपीआर की बाधा के हटने की संभावना अब प्रबल हो गई है। सबको सस्ते घर मुहैया की योजना पर केंद्र सरकार के तेजी से बढ़ने से लोगों को जल्द घर मिलने का सपना पूरा हो सकेगा। दूसरी ओर बीते पांच साल में मोदी सरकार के रुख को देखने हुए रियल एस्टेट में फिर से बूम आने की संभावनाओं पर संशय छाने लगा है। रियल एस्टेट क्षेत्र में वर्तमान में बिल्डर्स को अपने प्रोजेक्ट में खाली पड़े घरों को बेचने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ऐसे में फिर से मोदी सरकार आने से पहले पीएम आवास प्रोजेक्ट में दिलचस्पी नहीं दिखाने वाले बिल्डरों के आगे आने की पूरी संभावना है। वर्तमान में महानगर में जीडीए की ओर से केवल मधुबन बापूधाम योजना में 856 पीएम आवास के निर्माण का काम तेज गति से किया जा रहा है। यहां सर्वाधिक भवनों का निर्माण होना है।

Safety check in Ghaziabad shows most don't have NOCs

GZB: The Ghaziabad fire department has launched a safety audit of educational institutes in the city in the aftermath of the blaze at a coaching institute in Surat in which 19 students were killed. On Saturday, a police team conducted surprise inspections at private coaching centres in Ghaziabad to check for violations, if any. "Till date, we have not issued any NOC to any coaching centre that is operating in the city," said Sunil Singh, chief fire officer. "We have asked for a complete list of registered coaching centres from the administration and accordingly, we will be issuing notices to such erring institutes," he added. According to rules, a fire NOC is not required in a building that is spread over an area of less than 500sqm and has a height of less than 15 metres. "But there are many institutes that are openly flouting fire safety norms. We will serve notices to them action and action will be initiated against the owners," said Singh. In May 2016, a major fire had broken out in an Indiamart building in Raj Nagar, claiming six lives. In the investigation, it had been revealed that fire safety norms were followed in the building and the owners had not taken NOC from the fire department.

किसान सम्मान निधि में छूटे किसानों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

गाजियाबाद : किसान सम्मान निधि के तहत छूटे हुए किसानों को एक बार फिर मौके मिलने जा रहा है। किसान सम्मान निधि के तहत लाभ से पाने से वंचित रह गए योजना के तहत अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। लेखपाल से प्रमाण पत्र लेकर उन्हें संबंधित कृषि प्रसार अधिकारी के पास आवेदन करना होगा। कृषि विभाग ने रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरु कर दी है। जिला कृषि अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो हेक्टेयर या उससे कम भूमि वाले किसानों को शासन की ओर से साल में छह हजार रुपये दिए जाते हैं। जो कि दो–दो हजार तीन किस्तों में मिलने हैं। योजना के तहत जिले में करीब 32 हजार किसानों को पहली दो किस्तों मिल चुकी हैं। इन किसानों के अलावा अभी भी बहुत से किसान बचे हुए हैं। जो पहले फेज में रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए थे। जिले में ऐसे किसानों की संख्या करीब 5 हजार है। इन्हें रजिस्ट्रेशन कराने का मौका दिया गया है। ऐसे किसान परिवार जिनके पास कृषि भूमि दो हेक्टेयर या उससे कम है, वह योजना का लाभ उठाने के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके लिए पहले लेखपाल से पात्रता पूर्ण प्रमाण पत्र लेना होगा।

तुलसी निकेतन में बनेंगे 15 मंजिले टावर

गाजियाबाद : जीडीए ने तुलसी निकेतन के पुनर्निर्माण का प्लान तैयार कर लिया है। चार हेक्टेयर भूमि पर दो चरणों में पंद्रह मंजिल के आठ ब्लॉक बनाए जाएंगे। उसमें तुलसी निकेतन में रहने वालों को शिफ्ट करने के बाद पुराने फ्लैट ध्वस्त कर बाकी चार हजार हेक्टेयर जमीन को खाली किया जाएगा। उस पर दो से चार बीएचके के फ्लैट बनाकर बेचे जाएंगे, ताकि पुनर्निर्माण की लागत वसूली जा सके। यह जमीन बिल्डर को बेचकर लागत वसूलने पर भी मंथन चल रहा है। आठ हेक्टेयर में वर्ष 1990 में तुलसी निकेतन को बसाया गया था। इसमें 2292 ईडब्ल्यूएस और एलआइजी फ्लैट

बनाए गए थे। अब इन फ्लैटों की हालात जर्जर हो चुकी है। दो बार छत गिरने से हादसा हो चुका है। अनहोनी की आशंका को खत्म करने के लिए जीडीए ने पुनर्निर्माण की योजना बनाई है। पहले पार्क और कॉमर्शियल एरिया को ध्वस्त कर वहां पहले चरण में पंद्रह मंजिल के टॉवर में 692 फ्लैट बनाए जाएंगे। इनमें लोगों को शिफ्ट करने के बाद दूसरे चरण में 1200 फ्लैट बनाए जाएंगे। उनमें बाकी लोगों को शिफ्ट करने दिया जाएगा। जिनकी दुकानें हैं, उनके लिए दुकान भी बनाई जाएंगी। जीडीए अधिकारियों ने बताया कि ओपन स्पेस उतना ही छोड़ा जाएगा, जितना अभी है। इतना कार्य होने के बाद पुराने फ्लैट ध्वस्त कर जमीन को खाली किया जाएगा। करीब चार हेक्टेयर जमीन खाली होगी। उस पर दो, तीन और चार बीएचके के 900 से 1200 फ्लैट की ग्रुप हाउसिंग विकसित की जाएंगी। यह तय होना बाकी है कि ग्रुप हाउसिंग जीडीए बनाएगा या बिल्डर को इसके लिए जमीन बेची जाएगी। केवल पुनर्निर्माण की लागत वसूलने के लिए ऐसा किया जाएगा। ताकि, जीडीए पर आर्थिक बोझ न बढ़े।

प्रतिदिन एनएचएम की समीक्षा करेंगे सीएमओ

गाजियाबाद : मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनके गुप्ता अब रोजाना नेशनल हेल्थ मिशन की समीक्षा करेंगे। इस संबंध में उन्होंने सोमवार को नेशनल हेल्थ मिशन (एनएचएम) के नोडल अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। सीएमओ ने कहा है कि सभी नोडल अधिकारी रोजाना शाम चार बजे तक मिशन के संबंध में रिपोर्ट करेंगे। बता दें कि नेशनल रूरल हेल्थ मिशन के नोडल अधिकारी एसीएमओ डा. संजय अग्रवाल हैं और नेशनल अर्बन हेल्थ मिशन के नोडल अधिकारी डा. डीएम सक्सेना हैं। सीएमओ ने यह निर्देश विकास भवन सभागार में सोमवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ग्राम्य विकास, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, डा. महेन्द्र सिह द्वारा ली गई बैठक के बाद दिए।

यमुना को प्रदूषित करने वाली 20 इकाइयों पर लगेगा 50 लाख जुर्माना

गाजियाबाद : औद्योगिक क्षेत्रों से निकलने वाले दूषित जल से प्रदूषित होती यमुना को बचाने के लिए पानी के नमूने लिए गए, जिनमें 20 इकाइयों के नमूने फेल हो गए। दूषित जल इंदिरापुरी लोनी व साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र के नाले से यमुना में प्रवाहित हो रहा था। इन सभी इकाइयों के खिलाफ क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से 50–50 लाख रुपये के जुर्माने की संस्तुति लखनऊ मुख्यालय को भेज दी गई है। इसके साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यमुना नदी को प्रदूषित करने वाली औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ एनजीटी की सख्ती पर प्रदूषण विभाग, नगर निगम, यूपीएसआइडीसी,

उद्योग केंद्र व विद्युत विभाग सक्रिय हुए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्रों में 312 इकाइयों का सर्वे कर निकलने वाले पानी की जांच की गई, जिसमें 20 औद्योगिक इकाइयों के जल के नमूने फेल हो गए। इन उद्योगों में कई जगह ईटीपी प्लांट तो लगे थे, लेकिन वह चालू नहीं मिले। इकाइयों में लगे ईटीपी प्लांट को स्पेशल कर्मी के बजाए औद्योगिक इकाईयों के कर्मचारी ही संचालित करते हुए मिले। पानी के नमूने फेल होने पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इन सभी 20 औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड लखनऊ मुख्यालय को अपनी रिपोर्ट और इनके खिलाफ 50–50 लाख रुपये का जुर्माने की संस्तुति करने के साथ ही उक्त उद्योगों को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया है। ये हैं 20 इकाइयां : मै. अनुराधा फैब्रिकेटर्स, मै. कैपिटल प्रा. लि. (प्राइम होंडा), मै. कैपिटल कार्स प्रा. लि. (प्राइम होंडा), मै. डाबर इंडिया लि., मै. फैब केयर, मै. फेयर डील कार्स लि., मै. जीएस दास अपेरल प्रा. लि., मै. गोयल प्रोसेसर्स, मै. हरप्रीत फोर्ड मोटर्स प्रा. लि., मै. केएम प्रोसेसर्स, मै. केएम प्रोसेसर्स, मै. कृष्णा ड्क्षप्रटर्स प्रा. लि., मै. महावीर इंटरप्राइजेज, मै. रचना मैटल इंडस्ट्रीज प्रा. लि., मै. रिजेंसी साईकल प्रा. लि., मै. एसबीएल लि., मै. सिंघला एग्रोयर्स प्रा. लि. , मै. सोना इंडस्ट्रीज, मै. स्पार्क इंजीनियरिंग प्रा. लि., मै. स्पेसिलिटी टूल्स प्रा. लि. शामिल हैं। उक्त इकाइयां अधिकांश औद्योगिक क्षेत्र साइट–4 साहिबाबाद की हैं।

जून में होगी जीडीए की बोर्ड बैठक

गाजियाबाद : जीडीए बोर्ड की बैठक जून में होगी। जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने बताया कि बैठक की तारीख तय करने के लिए प्रस्ताव कमिश्नर को भेज दिया गया है। उसमें मधुबन–बापूधाम में जीडीए के नए भवन का निर्माण, तुलसी निकेतन योजना का पुनर्निर्माण, वेयर हाउसिंग व लॉजिस्टिक की विशेष नीति, मधुबन–बापूधाम योजना के तलपट मानचित्र में बदलाव, सैट बैक का निर्धारण, हाईटेक व इंटीग्रेटिड योजनाओं की प्रगाति, नेहरू स्टेडियम की लीज, कर्पूरी पूरम में स्टाफ क्वार्टर विक्रय करने, पीएम आवास योजना में अधिभार को अन्य योजना पर भारित करने, खेल कूद मैदानों के लिए आवंटित भूमि की दरें निर्धारित करने समेत कई प्रस्ताव रखे जाएंगे। मधुबन–बापूधाम योजना में शमशान घाट के पास कई आवासीय प्लॉट आवंटित कर दिए गए थे। साथ ही पास में ग्रुप हाउङ्क्षसग प्रस्तावित की गई थी। जिन लोगों को प्लॉट आवंटित हो चुके हैं, उन्होंने आपत्ति जताई थी कि शमशान घाट के पास रहना मुमकिन नहीं। आवंटी दूसरी जगह प्लॉट देने की मांग कर रहे थे। इस मांग को वाजिब मानते हुए लेआउट में आंशिक बदलाव करने का निर्णय हुआ है। नए लेआउट में शमशान घाट के पास पार्क बनाया जाएगा। पार्क की जगह प्लॉटिंग की जाएगी। ग्रुप हाउसिंग की लोकेशन भी बदलेगी। योजना के बीच से विद्युत हाईटेंशन लाइन जा रही है। पुराने लेआउट में इसके आसपास आवासीय भूखंड दर्शाए गए हैं।

एलईडी लाइट लगाने वाली कंपनी का भुगतान स्वीकृत

गाजियाबाद : नगर निगम में व्हाइट प्लाकार्ड कंपनी को एलईडी लाइटों का भुगतान करने का रास्ता साफ हो गया। मेयर आशा शर्मा ने बोर्ड की प्रत्याशा में पौने चार करोड़ रुपये के भुगतान को स्वीकृति प्रदान कर दी है। शासन ने निगम को कंपनी का जून 2018 से अप्रैल 2019 तक का भुगतान जारी करने का आदेश दिया था। कंपनी ने दावा किया है कि उन्होंने 48 हजार सोडियम लाइट हटाकर उनकी जगह स्ट्रीट पोल पर एलईडी लाइटें लगाई हैं। उससे 85 लाख रुपये बिजली का बिल हर महीने कम हुआ है। जबकि, निगम अधिकारियों की जांच में पाया गया कि 54 लाख रुपये का बिजली बिल कम हुआ है।

नगर निगम ने नालों के किनारे नहीं लगाई ग्रिल, मिली फटकार

गाजियाबाद : नालों के किनारे लोहे ही ग्रिल लगाने के शासन के आदेश को दरकिनार करने पर नगर निगम अधिकारियों को फटकार पड़ी। आबकारी, वन एवं पर्यावरण विभाग की प्रमुख सचिव कल्पना अवस्थी ने सोमवार को निरीक्षण में नाले के किनारे ग्रिल न लगी होने पर नाराजगी जताई। निर्देश दिया कि जल्द ग्रिल लगवाई जाएं। ऐसा होने पर कोई नालों में नहीं गिरेगा। साथ ही नालों में कूड़ा पहुंचने से रोका जा सकेगा। प्रमुख सचिव ने साईं उपवन में पूजन सामग्री से कंपोस्ट बनाने वाले प्लांट का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया गया कि इस प्लांट में शहर के सौ से ज्यादा धार्मिक स्थलों से पूजन सामग्री लाई जाती है। इससे बनी कंपोस्ट को पेड़ों में डाल कर उन्हें हरा–भरा किया जाता है। वहीं लीफ कंपोस्टिंग प्रणाली का निरीक्षण किया। देखा कि पेड़ों से गिरे पत्तों को जाली के घेरे में इकटठा किया जाता है। उससे हवा क्रॉस कराकर पत्तों की खाद बनाई जा रही है। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि पत्तों से बनी खाद को सबसे अच्छा माना जाता है। मोहननगर में तरल खाद का प्लांट दिखाया गया। निगम अधिकारियों के इस प्रयास कि प्रमुख सचिव ने सराहना की। राजनगर एक्सटेंशन के पास नंदी पार्क का निरीक्षण भी किया। वहां सफाई व्यवस्था दुरुस्त मिली।

आइएमटी की 10,841 वर्गमीटर भूमि का आवंटन निरस्त, टूटेगा हॉस्टल

गाजियाबाद : देश के नामी प्रबंधन संस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (आइएमटी) की 10,841 वर्ग मीटर जमीन का आवंटन निरस्त कर दिया गया है। जीडीए वीसी कंचन वर्मा ने सचिव की अध्यक्षता वाली जांच समिति के फैसले पर मुहर लगा दी है। इसके साथ ही प्रवर्तन अनुभाग को जमीन का कब्जा वापस लेने और उस पर बने हॉस्टल को तोडने का निर्देश दे दिया गया है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के बेटे बकुल नाथ इस संस्थान के प्रेसिडेंट हैं। भाजपा पार्षद राजेंद्र त्यागी ने राजनगर सेक्टर–20 में आइएमटी परिसर के अंदर जमीन पर अवैध कब्जा होने का आरोप लगाया था। राज्यपाल और मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में बताया था कि वर्ष 1968 में गाजियाबाद इंप्रूवमेंट ट्रस्ट (अब गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) ने लाजपत राय कॉलेज के लिए यहां 54049.25 वर्ग गज भूमि लाजपतराय स्मारक महाविद्यालय सोसायटी को आवंटित की गई थी। आवंटन के वक्त बीच में 10841 वर्ग मीटर जमीन के एक टुकड़े पर विवाद चल रहा था। उस पर कोर्ट से स्टे था। वर्ष 1977 में स्टे खारिज हो गया। इस भूमि पर गलत तरीके से आइएमटी का निर्माण कर दिया गया।

ऑपरेशन क्लीनअप से कसा जाएगा बिजली चोरों पर शिकंजा

गाजियाबाद : पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम एक जून से ऑपरेशन क्लीनअप चलाकर बिजली चोरों के खिलाफ अभियान चलाएगा। इस अभियान को विद्युत विभाग ग्रामीण क्षेत्र में चलाएगा। इसके लिए गांव में चोरी से बिजली का इस्तेमाल कर रहे लोगों के खिलाफ कार्यवाही होगी। विद्युत विभाग तमाम प्रयासों के बावजूद लाइनलोस को लेकर परेशान है। ग्रामीण इलाकों में बड़े पैमाने पर हो रही विद्युत चोरी को रोकने के लिए विभाग ने ऑपरेशन क्लीन अप अभियान शुरू करने की तैयारी की है, जो एक जून से आरंभ किया जाएगा।

प्रताप विहार में सितंबर से चालू होगा 220 एमवी बिजलीघर

गाजियाबाद : प्रताप विहार में विद्युत निगम ट्रांसमिशन बिजलीघर बनाने का कार्य कर रहा है। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने निर्माणाधीन बिजलीघर हाईटेक होगा। सितंबर में इसे चालू कर दिया जाएगा। एक्सईएन ट्रांसमिशन विकास गुप्ता ने बताया कि इसमें हाईब्रिड फीडर, तार आदि का उपयोग होगा। बिजली कटने या फाल्ट होने की स्थिति में अलार्म बज उठेंगे। ताकि अधिकारी सतर्क होकर तत्काल फाल्ट पर ध्यान देकर आपूर्ति सुचारू करा सकें। इस बिजलीघर से टीएचए क्षेत्र को भी बड़ा फायदा मिलेगा। अगर टीएचए के साहिबाबाद 220 एमवी और इंदिरापुरम के 400 एमवी उपकेंद्र में कोई कटौती या फॉल्ट होता है तो इसी बिजलीघर से उन इलाके में सप्लाई दी जाएगी। वहीं, उपकेंद्र से प्रताप विहार, विजयनगर और खासतौर से सिद्धार्थ विहार आवास विकास योजना में रहने वाले करीब छह लाख लोगों के साथ–साथ औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों को भी फायदा मिलेगा।

संपत्ति नाम परिवर्तन शुल्क वसूलना कोर्ट के आदेश की अवहेलना

गाजियाबाद : प्राधिकरण बोर्ड के सदस्य एवं निगम पार्षद हिमांशु मित्तल ने प्रदेश सरकार के प्रमुख सचिव को पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने कहा कि शासन ने अपने आदेश में नामांत्रण शुल्क के बारे में लिखा कि स्टांप शुल्क जिस मूल्य के साथ एक प्रतिशत नाम परिवर्तन शुल्क भी लिया जाएगा, जो न्यायालय के आदेश की अवहेलना है। इस बारे में उश्चतम न्यायालय एसएलपी संख्या 16570ध्2018 मुरादाबाद डवलपमेंट अथॉरिटी बनाम महेश चंद्र अग्रवाल एंड ब्रदर्स अपना फैसला सुना चुका है। इसी याचिका में बीरेंद्र कुमार बनाम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में अपना निर्णय दे चुका है। बावजूद इसके नाम परिवर्तन शुल्क लगातार लिया जा रहा है।

प्रशिक्षित पुलिसकर्मी संभालेंगे हिंडन टर्मिनल की सुरक्षा

गाजियाबाद : हिंडन एयरपोर्ट सिविल टर्मिनल की सुरक्षा स्थानीय पुलिसकर्मियों के जिम्मे होगी। इसके लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। एसएसपी उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि रेंज भर से 70 पुलिसकर्मियों को टर्मिनल की सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया है। साहिबाबाद के सर्किल आफिसर को टर्मिनल का मुख्य सुरक्षा अधिकारी(सीएसओ) बनाया गया है। टर्मिनल की सुरक्षा द्विस्तरीय होगी, जिसे आउटर कार्डन और इनर कार्डन में बांटा गया है। बता दें कि 15 जून से गाजियाबाद के इस टर्मिनल से आठ शहरों के लिए घरेलू उड़ानों की शुरुआत हो जाएगी। आचार संहिता खत्म होते ही एयरपोर्ट से 15 जून से उड़ानें शुरू करने का फैसला लिया गया है। एयरपोर्ट अथॉरिटी

ऑफ इंडिया के अलावा इंडिगो व विस्तारा एयरलाइंस के अधिकारी यहां निरीक्षण कर चुके हैं। इस टर्मिनल की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा जनपद पुलिस को दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि गाजियाबाद के अलावा नोएडा व मेरठ समेत रेंज के सभी जिलों से पुलिसकर्मी चुने गए हैं। कुल 70 पुलिसकर्मी चयनित हुए हैं। इनमें से 50 को एक हफ्ते का विशेष प्रशिक्षण दे दिया गया है। एजेंसी द्वारा एयरपोर्ट की सुरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं के बारे में पुलिसकर्मियों को बताया गया है।

इन शहरों के लिए मिलेगी उड़ान

उत्तर प्रदेश के अयोध्या, उत्तराखंड के पिथौरागढ़, गुजरात के जामनगर, हिमाचल के शिमला, महाराष्ट्र के नासिक, कर्नाटक के हुबली, गुलबर्गा और केरल के कन्नूर के लिए यहां से शुरुआत में उड़ान मिल सकेंगी। हालांकि कुछ समय तक सफल संचालन के बाद गोरखपुर, इलाहाबाद, कोलकाता, लखनऊ आदि रूटों पर भी उड़ान शुरू की जाएंगीं। एयरपोर्ट के शुरू होने के बाद धीरे–धीरे एयरलाइंस अपनी फ्लाइट इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिंडन एयरपोर्ट टर्मिनल पर शिफ्ट करेंगी।

गुरुग्राम में होगा मेट्रो का विस्तार, यहां बनेंगे 25 नए मेट्रो स्टेशन

गुरुग्राम : मिलेनियम सिटी में मेट्रो विस्तार पर सोमवार को अंतिम मुहर लग गई। चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) की चौथी बैठक में मेट्रो की डीपीआर मंजूर कर दी गई। शहर को जाममुक्त बनाने के लिए हुडा सिटी सेंटर से मेट्रो का विस्तार करके इसे रैपिड मेट्रो के साइबर सिटी स्टेशन से जोड़ा जाएगा। मेट्रो रेल लाइन की कुल लंबाई 31.11 किलोमीटर है। इसमें 25 स्टेशन होंगे, जिसमें छह इंटरचेंज स्टेशन होंगे। इस मेट्रो लाइन के निर्माण पर अनुमानित लागत 5126 करोड़ रुपये होगी और इसके वर्ष 2023 में चालू किए जाने की संभावना है।

दो जून को 45 सेंटरों पर होगी सिविल सेवा परीक्षा, 22622 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे

गाजियाबाद : दो जून को होने वाली सिविल सेवा की परीक्षा को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। जिले में सिविल सेवा की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आयोजित कराई जाएंगी। जिले में 45 सेंटरों पर होने वाली परीक्षा को लेकर प्रशासन ने खाका तैयार कर लिया है। इसके लिए प्रत्येक सेंटर पर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी के साथ पुलिसबल की तैनाती की जाएगी। दो जून रविवार को आयोजित होने वाली परीक्षा में 22622 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। यह परीक्षा दो पालियों में सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे और दोपहर साढ़े चार बजे से लेकर शाम साढ़े चार बजे तक कराई जाएंगी। जीटी रोड स्थित शंभू दयाल इंटर कॉलेज को दिव्यांगों का सेंटर बनाया जा रहा है। यहां अभ्यर्थियों के लिए विशेष व्यवस्था कराई जाएगी। उनके लिए सेंटर पर व्हील चेयर की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास कड़ी निगरानी रखी जाएगी और साथ ही कड़ी चेकिंग के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर ली हैं। एडीएम वित्त सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दो जून को होने वाली परीक्षा को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली हैं। जिले के 45 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। इस परीक्षा में जिले में 22622 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे।

विवेचक समेत कई पुलिस कर्मियों के खिलाफ अर्जी स्वीकार

गाजियाबाद : ट्रॉनिका सिटी थाने की हवालात में महिला की मौत के मामले में विवेचक समेत कई पुलिस कर्मियों के खिलाफ दाखिल अर्जी को कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अधिवक्ता खालिद खान ने बताया कि उन्होंने अपनी मुवक्किल मेनका त्यागी निवासी नौरसपुर की ओर से 15 नवंबर 2018 को कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 156(3) के तहत कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। मेनका का कहना है कि 13 मई 2018 को ट्रॉनिका सिटी एसएचओ श्यामवीर सिंह, दरोगा जितेंद्र चौहान, ललित, राजेश्वर और सन्नी व अन्य पुलिसकर्मी उसकी मां सरिता त्यागी को एक हत्या के मामले में पूछताछ के लिए थाने ले गए थे। आरोप है कि पुलिस ने सरिता को हवालात में बंद कर मारपीट की थी, जिससे उसकी कॉलर बोन व पसली टूट गई। वहीं, जब उसने पीने के लिए पानी मांगा था तो पुलिस ने उसे पानी नहीं पिलाया था। मेनका का आरोप है कि पुलिस ने सरिता त्यागी के हाथ पैर बांधकर उसे जहरीला पदार्थ पिलाया था, जिससे अगले दिन 14 मई को सरिता त्यागी की थाने में ही मौत हो गई थी। वहीं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत कारण कॉलर बोन व तीसरी पसली में फैक्चर और खून जमा होना पाया गया था। इसके अलावा बिसरा रिपोर्ट में पेट, आंत, लीवर, किडनी व ब्लड में जहर होना पाया गया था। इस मामले में ट्रॉनिका सिटी थाने के इंस्पेक्टर रहे नीरज कुमार सिंह ने मामले की जांच की और जांच के मात्र 23 दिन बाद आरोपी इंस्पेक्टर श्यामवीर सिंह को क्लीन चीट देते हुए कोर्ट में फाइनल रिपोर्ट दाखिल कर दी थी। आरोप है कि इस मामले में आईओ नीरज कुमार ने पीडिता और गवाहों के असत्य व अपूर्ण बयान कोर्ट में दे दिए। इसके अलावा उन्होंने पुलिसकर्मियों को लाभ पहुंचाने के लिए सीएचसी लोनी के डॉक्टर के फर्जी बयान भी केस डायरी का हिस्सा बनाए। वहीं केस डायरी में लिखा कि मृतका को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जबकि उन्होंने उसे एसीजेएम–5 की कोर्ट में पेश किया था। इसके अलावा विवेचक ने यूपी पुलिस रेगुलेशन एक्ट का उल्लंघन करते हुए केस डायरी के बीच में 12 पेज फाड़ दिए, जिसमें कई महत्वपूर्ण तथ्य लिखे थे।

EDITORIAL

'After Sabka Saath, Sabka Vikas, win Sabka Vishwas': Modi's message of inclusion

At the parliamentary party meeting of the National Democratic Alliance (NDA) on Saturday, Prime Minister-elect Narendra Modi gave one of his most significant speeches in recent times. He was addressing multiple constituencies – members of Parliament (MPs) of the Bharatiya Janata Party (BJP) and MPs belonging to allies, BJP workers on the ground, his larger ideological fraternity of the Rashtriya Swayamsevak Sangh (RSS), including its more belligerent affiliates, and the country at large. By focusing on inclusion, restraint, the importance of coalitions and regional aspirations, commitment to constitutional values, and the path ahead, Mr Modi has laid out the roadmap for the next five years.The first important intervention was with regard to minorities. Mr Modi pointed out that he had, in 2014, said that his government would work for the poor, did so, and was rewarded in the polls, for it is the poor that elected the government back. There was a multi-class coalition that propelled the BJP to a majority, but it is true that there has been a broadening of the party's class base with the rural poor contributing to the saffron surge. This time, he said the government would continue to focus on the poor - but also the minorities who had been "deceived" so far - who had been made to live in fear and treated as mere vote bank. It was time to end the trust deficit with them, Mr Modi declared, and added "Sabka Vishwas" to his slogan of "Sabka saath, sabka vikaas". He also pointed out to his MPs that they must work for all, not merely those who voted for them. This is admirable messaging. While the BJP would do well to introspect how its own ideological world view and actions on the ground have contributed to insecurity among minorities, if indeed Mr Modi lives up to his word, and his government is non-discriminatory in letter and spirit, it will mark a significant departure in the relationship between the regime and the country's substantial minorities.

Mr Modi's emphasis on restraint in speech is also noteworthy. It is through statements that a segment of BJP leaders created a climate of intolerance, anger, even hate over the past five years. By warning them to be careful, and not create problems, Mr Modi was not just seeking to avoid future controversies but also perhaps disassociating himself from any such rhetoric that may emanate from the party ranks. And by reaching out to his allies, even though the BJP on its own has a majority, he presented a politically inclusive image, laced with statesmanship. If you add together Mr Modi's first tweet, which mentioned an inclusive India, his victory speech where he emphasised the need to take the opposition along, his gesture of paying his respects to party veterans LK Advani and Murli Manohar Joshi, and his speech on Saturday, it appears that the PM in this term is seeking to be a truly unifying figure. And this is coming from a position of supreme strength and confidence. His challenge is in operationalising all of this into action on the ground now.

-By Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

The challenges ahead for Britain's next PM

The ruling Conservative Party has begun the process of choosing a new prime minister for Britain following Theresa May's announcement that she will resign her office on June 7. The next prime minister will face the same political minefield that May was unable to navigate. There will be three main sources of danger. One is bridging the gaps within the Conservatives about what sort of Brexit will Britain carry out. This division, and the seeming impossible task of finding a middle path between hardline "no deal Brexiteers" and those who want some sort of soft economic union, has been the primary reason the May prime ministership failed. Two is ensuring that any such resolution will not drive large

numbers of voters into the hands of the new right-wing Brexit party or towards the liberal-left opposition. Finally, to then sell any Brexit deal to the European Union and, preferably, find means to smoothen the sharper economic consequences of a clean break. Outsiders have watched with a mix of awe and embarrassment at how Ms May has stoically stumbled from one Brexit humiliation to another over the past two years. When her cabinet mutinied, she accepted her time was up. The problem is Britain is no closer to a viable Brexit plan than before. The Conservatives now seem set to choose a hardline Brexiteer as the next prime minister. If so, this will bring Britain the closest it has been so far to a full break with the EU, without any sort of economic union. This will deliver a sharp economic cost to Britain, driving its economy into recession and making it far less attractive as an investment site for Indian and other foreign investors. Since it is assumed this will not be palatable to any prime minister, a new round of intra-party squabbling can be expected. But the Brexit debate has lurched strongly to the right with May's announcement. Divorce, without visitation rights or alimony, is now a much stronger denouement to the continuing drama of Brexit.

5 get life term for kidnap of 6-year-old

GREATER NOIDA: A fast-track court sentenced five persons to life imprisonment for kidnapping a six-year-old boy and demanding Rs 50 lakh as ransom. The accused, who included two women, had kidnapped the nephew of a hospital owner from Surajpur in Greater Noida in May 2013, but were arrested two days later. The court of additional judge Ved Prakash Sharma heard the testimonies of the child and confessions of the accused before passing the order. The accused were identified as Sundar Chaudhary, Bacchu Singh, Mahendra, his wife Vimlesh and another woman, Hemlata. According to the order, Kartar Singh, a resident of Bhirondi

village and owner of a private hospital, had lodged a complaint on May 7, 2013, alleging that his nephew had gone missing from outside his house. The missing person's complaint was converted into an FIR after the family told the cops that they had got a call demanding Rs 50 lakh. A preliminary probe found the involvement of Sundar, who would allegedly frequent the house of Kartar Singh. "He was arrested on May 9, and later confessed to the crime.

Focus on last-mile connectivity to help improve ridership

NOIDA: The Noida Metro Rail Corporation (NMRC) has formed two teams to identify the areas that can be improved to increase its metro ridership. While Noida Metro's Aqua Line sees an average daily footfall of 17,000, it was expected to be higher by now. Due to several reasons, including lack of proper connectivity with Delhi Metro and a separate token and card system, the Noida Metro has still not seen the expected rise in footfall. The two teams will be holding meetings with residents' welfare associations (RWAs) and corporate groups to encourage metro usage and facilitate last mile options.

Remote sensing to help Noida identify illegal buildings

NOIDA: Considering large stretches of village areas which are illegal and overgrown with encroachment, the Uttar Pradesh Real Estate Regulatory Authority (UP Rera) has taken the support of the Remote Sensing Application Centre (RSAC) for a site inspection of projects which overstep plans in a region between Lucknow and Barabanki. The knowledge from the exercise to map and detect plan-transgression is expected to be implemented in future to map and regulate property encroachment in cities like Noida, Greater Noida and Ghaziabad in future where rampant unauthorized real estate growth in villages or villages notified for acquisition has been a major problem for the administration. "We are at present in the process of implementing remote sensing technology-based mapping at a stretch of land in Barabanki region. At a later stage, such satellite imaging-based observation and record of land stretches and plan transgression will also be implemented in cities like Noida, Ghaziabad and Greater Noida where encroachment and illegal growth of housing are evident," member, UP Rera, Balwinder Kumar told TBC. According to UP Rera officers, one of the biggest challenges in regulating real estate in the Uttar Pradesh are the rural areas which are built without sanctioned plans.

Ghaziabad boy battles storms, scales Mt Everest

GHAZIABAD: High-altitude sickness had claimed the life of a mountaineer. Two others in his team from Russia and Bulgaria had decided to call off the expedition. But 21-year-old Sagar Kasana continued in the inclement weather. Forty-six days later — on May 22 — the final-year student of Noida College of Physical Education had unfurled the Tricolour on Mount Everest, the highest peak in the world. Sagar's father Ajab Singh Kasana, a resident of Loni in Ghaziabad, said his son reached Kathmandu on April 4 and started the expedition two days later. He and his team reached the first base camp on May 3, trekking via Lukla, Fekdeag, Nemche Bazaar, Tyagbo Che Monastery, Dingboche and Laboche, his father said. Other than Sagar, mountaineers Krick Wood from Australia, Alexander of Russia and Bulgarian Evan Tommo were in the team. They reached the third base camp on May 4, but had to wait for 18 days at the fourth camp as the weather was unfavourable. Mount Everest has been in news recently over "human traffic jams" along the route.

4 Noida MBBS students die in e-way crash near Baghpat

MEERUT: Four students of Greater Noida's Sharda University were killed and another was injured after the car they were travelling in rammed a stationary truck on Eastern Peripheral Expressway near Baghpat on Tuesday morning. Police said all five were third year MBBS students. The deceased are Ludhiana's Kant Dhingra, Karishma Dhingra of Faridabad, Rampur's Mohd Shoaib and Abhishek Soni of Rajasthan. The injured, Aanchal Rana, lives in Moradabad.

Footfall low, NMRC plans coaching centres at 6 stations

GREATER NOIDA: A fast-track court sentenced five persons to life imprisonment for kidnapping a six-year-old boy and demanding Rs 50 lakh as ransom. The accused, who included two women, had kidnapped the nephew of a hospital owner from Surajpur in Greater Noida in May 2013, but were arrested two days later. The court of additional judge Ved Prakash Sharma heard the testimonies of the child and confessions of the accused before passing the order. The accused were identified as Sundar Chaudhary, Bacchu Singh, Mahendra, his wife Vimlesh and another woman, Hemlata. According to the order, Kartar Singh, a resident of Bhirondi village and owner of a private hospital, had lodged a complaint on May 7, 2013, alleging that his nephew had gone missing from outside his house. The missing person's complaint was converted into an FIR after the family told the cops that they had got a call demanding Rs 50 lakh. A preliminary probe found the involvement of Sundar, who would allegedly frequent the house of Kartar Singh.

Private firm cheats 100 youths with government job ruse

NOIDA: The office of the SP (city) in Sector 6 on Monday registered a complaint filed by a group of around 40 youths, who alleged they had been duped of anywhere between Rs 2-8 lakh each, by a private firm, on the pretext of offering them jobs. However, no FIR had been lodged at the time of this report going to press. The company — India Rising Corporation Limited (IRCL) — which has its office in C-25, Sector 8, had employed youths from across north India from states like Delhi, Rajasthan, Haryana, Bihar and UP, claiming they had got grants from the Union ministry of micro, small and medium enterprises .

Duo cheated of Rs 2.3 lakh with job offers

